भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 6 MAY 2026

# नोएडा एयरपोर्ट से नबी मुंबई की होगी पहली उड़ान

**दोनों औद्योगिक शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना पर काम शुरू, 10 मई से इंडिगो शुरू कर सकती फ्लाइट की टिकट बुकिंग, तैयारियां शुरू**



**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली उड़ान नवी मुंबई के लिए हो सकती है। दोनों औद्योगिक शहरों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर करने के उद्देश्य से ऐसा किया जाना है। इसके लिए तैयारियां भी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने जहां शुरू कर दी है। वहीं लांच कैरियर तय हुई इंडिगो एयरलाइंस इसके लिए 10 मई से टिकट बुकिंग भी शुरू कर सकती है।

एयरपोर्ट संचालन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती बातचीत में नवी मुंबई को शीर्ष प्राथमिकता पर रखा गया है। इसके अलावा बंगलुरू के लिए भी फ़्लाइट यहां से शुरू करने की तैयारी है। खुद इंडिगो की योजना है कि मुंबई के अलावा बंगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, गोवा, जयपुर, लखनऊ और कोलकाता को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ा जाए। अकासा एयर, एयर इंडिया एक्सप्रेस भी इसी तरह अपने कनेक्टिंग शहरों के लिए उड़ान की योजना पर काम कर रही हैं। इसके लिए प्रस्ताव भी इन एयरलाइंस ने यापल को दिए हैं जिससे जरूरी व्यवस्थाएं की जा सकें। यापल की तरफ से आधिकारिक रूप से 15 जून से उड़ान शुरू करने की घोषणा के बाद अब एयरपोर्ट पर सॉफ्ट ट्रायल भी शुरू हो गए हैं। इसमें यात्रियों के आवागमन से पहले यहां विकसित हुए व्यवस्थाओं से स्टाफ को रूबरू कराया जाना है। इसके लिए यात्री सुविधा में लगे वेंडर्स और इनके स्टाफ के एयरपोर्ट एंट्री पास भी जारी किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य 15 जून से पहले ही एयरपोर्ट को कमर्शियल ऑपरेशन के लिए पूरी तरह तैयार करना है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर टी2 और टी3 की दूरी घटेगी, मेट्रो सबवे से 750 मीटर का सफर होगा 80 मीटर

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड मिलकर दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों की सबसे बड़ी परेशानी टर्मिनलों के बीच लंबी दूरी को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहे हैं।

एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के टर्मिनल-3 स्थित मेट्रो स्टेशन से टर्मिनल-2 तक बनने वाला पैदल सबवे इस साल के अंत तक तैयार होने की संभावना है। इसके पूरा होते ही यात्रियों को करीब 750 मीटर की दूरी तय करने की मजबूरी से राहत मिलेगी और यह सफर सिमटकर महज 80 मीटर रह जाएगा। अब तक यात्रियों को या तो भारी सामान के साथ पैदल चलना पड़ता है या फिर शटल बस का इंतजार करना पड़ता है, जिससे समय और ऊर्जा दोनों खर्च होती हैं। खासकर पीक आवर्स में यह दूरी यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन जाती है। नए सबवे के साथ यह पूरी प्रक्रिया सहज, तेज और बिना रुकावट के हो जाएगी।

अधिकारियों के मुताबिक, यह सिर्फ दूरी कम करने का प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि एयरपोर्ट की पैसेंजर-फर्स्ट रणनीति का हिस्सा है। सबवे में एस्केलेटर, बेहतर रोशनी और सुरक्षित मार्ग जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे यात्रियों को एक आधुनिक और आरामदायक ट्रांजिट अनुभव मिलेगा।

AMAR UJALA DELHI 6 MAY 2026


तैयारी | 10 मई से टिकट बुकिंग शुरू होने की संभावना, एयरलाइंस ने शुरू की तैयारियां

# नोएडा एयरपोर्ट से पहली उड़ान नवी मुंबई के लिए

अमर उजाला ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली उड़ान नवी मुंबई के लिए हो सकती है। दोनों औद्योगिक शहरों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर करने के उद्देश्य से ऐसा किया जाना है। इसके लिए तैयारियां भी नोएडा एयरपोर्ट ने जहां शुरू कर दी है। वहीं लांच कैरियर तय हुई इंडिगो एयरलाइंस इसके लिए 10 मई से टिकट बुकिंग भी शुरू कर सकती है।

एयरपोर्ट संचालन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती बातचीत में नवी मुंबई को शीर्ष प्राथमिकता पर रखा गया है। इसके अलावा बंगलुरू के लिए भी फ्लाइट यहां से शुरू करने की तैयारी है। खुद इंडिगो की योजना है कि मुंबई के अलावा बंगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, गोवा, जयपुर, लखनऊ व कोलकाता को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ा जाए। अकासा एयर, एयर इंडिया एक्सप्रेस भी इसी तरह कनेक्टिंग शहरों के लिए उड़ान की योजना पर काम कर रही हैं। इसके लिए प्रस्ताव भी इन एयरलाइंस ने यापल को दिए हैं जिससे जरूरी व्यवस्थाएं की जा सकें।




**15 जून से उड़ान, सॉफ्ट ट्रायल भी शुरू :** यापल की तरफ से आधिकारिक रूप से 15 जून से उड़ान शुरू करने की घोषणा के बाद अब एयरपोर्ट पर सॉफ्ट ट्रायल भी शुरू हो गए हैं। इसमें यात्रियों के आवागमन से पहले यहां विकसित हुए व्यवस्थाओं से स्टाफ को रूबरू कराया जाना है। इसके लिए यात्री सुविधा में लगे वेंडर्स और इनके स्टाफ के एयरपोर्ट एंट्री पास भी जारी किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य 15 जून से पहले ही एयरपोर्ट को कमर्शियल ऑपरेशन के लिए पूरी तरह तैयार करना है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 6 MAY 2026

**नियुक्ति**

■ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने नीतू शर्मा को अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के निर्देशों के बाद की गई है। भारत में संचालित किसी भी हवाई अड्डे के सीईओ का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है, जिसके चलते यह नेतृत्व परिवर्तन किया गया। यह बदलाव केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि भारत के सबसे बड़े उभरते एयरपोर्ट परियोजनाओं में से एक के भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



BUSINESS LINE DELHI 5 MAY 2026

# Adani Enterprises plans ₹40,000 cr capex in FY27 with ₹17,000 cr for growing airports biz

**Avinash Nair**
Ahmedabad

Adani Enterprises Ltd (AEL) will channel over 42 per cent of its planned ₹40,000 crore capital expenditure for FY27 into its airports business, including the construction of a terminal in Ahmedabad ahead of the Commonwealth Games 2030.

Out of the total planned capex, around ₹17,000 crore has been earmarked for airports, making it the largest investment segment, CFO Jugeshinder Singh said.

**CAPEX MOMENTUM**

"We were close to 95 per cent of our target capex for FY26. It has been a very good year from that point of view. We expect the capex for FY27 to be at the same level, around ₹40,000 crore," Singh told investors recently.




AEL is also accelerating expansion at the Navi Mumbai International Airport, with Phase II set to begin as traffic ramps up.

"All the traffic projections for Navi Mumbai, Mumbai and the MMR region show that we will reach capacity at Navi Mumbai in 12–18 months. We are accelerating this project," he said.

**The company is also accelerating development** at Navi Mumbai International Airport, amid rising traffic projections

In addition to airside capacity, a significant portion of investments will go into city-side development across the Mumbai, Navi Mumbai, Ahmedabad, Lucknow and Jaipur airports, aimed at enhancing non-aero revenue streams and the passenger experience.

Operationally, the airport's business continued to deliver strong growth, with aero revenue rising 26 per cent year-on-year and non-aero revenue growing 31 per cent in FY26, driven by higher traffic and improved monetisation. The company said it has transitioned to a more infrastructure-led model, with around 80 per cent of EBITDA coming from mature, long-term-contracted businesses, enhancing earnings visibility.

**OTHER SECTORS**

The remaining capex will be distributed across PVC (₹9,000 crore), natural resources and mining (₹4,000 crore) and new energy businesses, including hydrogen (₹10,000 crore), reflecting AEL's diversified infrastructure push. AEL said its incubation journey had moved beyond the initial capex-heavy phase, with a growing share of stable earnings positioning it for sustained cash generation and future value unlock.

DAINIK JAGRAN DELHI 6 MAY 2026

# नोएडा एयरपोर्ट से मुंबई के लिए 15 जून को पहली उड़ान, अयोध्या की भी तैयारी

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडाः** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 जून को इंडिगो की पहली उड़ान मुंबई के लिए शुरू होगी। यात्री विमान सेवा के लिए गुरुवार से टिकट बुकिंग शुरू होने की संभावना है। वहीं, एयरपोर्ट के पहले चरण के लिए जमीन देने वाले किसानों को लखनऊ में सम्मानित कराने और अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए इंडिगो की दूसरी विशेष उड़ान भी रवाना हो सकती है। पहले दिन दो अन्य कंपनियों की भी उड़ानें शुरू होंगी।

अधिकारियों का कहना है कि कारोबार के सिलसिले में मुंबई से प्रतिदिन काफी संख्या में लोग नोएडा सहित एनसीआर के लिए आवाजाही करते हैं। उनकी आवाजाही को सुगम बनाने के लिए नोएडा एयरपोर्ट से पहली उड़ान इंडिगो की शुरू होगी। आवागमन सुगम होने से नोएडा के आर्थिक विकास को और गति मिलेगी। इंडिगो के साथ अकासा और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी नोएडा एयरपोर्ट से नियमित उड़ानें शुरू करेंगी। देश के विभिन्न शहरों के लिए नोएडा एयरपोर्ट से उड़ानों और किराये की स्थिति जल्द स्पष्ट कर दी जाएगी।

इधर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने हाल ही में लखनऊ में यूपी के सीएम योगी से मुलाकात कर एयरपोर्ट के प्रथम चरण में जमीन देने वाले किसानों को नोएडा एयरपोर्ट से हवाई यात्रा करवाकर लखनऊ में सम्मानित करने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव को सीएम ने सहमति संकेत दिए थे। किसानों का कहना है कि वे पहले अयोध्या जाएंगे, उसके बाद लखनऊ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेंगे।

THE HINDUSTAN TIMES DELHI 6 MAY 2026



Lightning streaks over Akshardham Temple along NH-24 on Tuesday evening. RAJ K RAJ/HT PHOTO

# Rain, hailstorm delay over 500 flights at IGI

Jasjeev Gandhiok
htreporters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** A sudden, short spell of intense rain and hail lashed parts of Delhi on Tuesday, disrupting flight operations at the Indira Gandhi International Airport, with over 500 delays and multiple diversions. Cancellations linked to a drone attack in the Middle East added to the chaos at the airport.

While no colour-coded alert has been issued for Wednesday, the India Meteorological Department (IMD) has forecast thundery development towards late evening due to a prevailing western disturbance. By Thursday, the western disturbance is expected to withdraw and the mercury will start rising again, the IMD said.

Over 500 flights were delayed on Tuesday; at least 10 were cancelled and five diverted to nearby airports, data showed.

While the cancellations were for flights to and from the Middle East due to a recent drone-linked attack there, areas around the airport—notably parts of Dwarka, Palam and Najafgarh—saw showers accompanied by a hailstorm post noon, triggering diversions to nearby airports and numerous flight delays.

"Five flights were diverted between 2pm and 3.30pm as gusty winds, rain and hail were recorded around the airport. Some flights were delayed too," said an airport official.

The flight tracking website Flightradar24 showed that over 500 flights, including both arrivals and departures, were delayed, with an average delay of around 30 minutes.

The official also said 10 flights were cancelled at the Delhi airport to and from airports in the West Asia since 11pm on May 4. "This included six flights from Dubai, Abu Dhabi, Kuwait and Baghdad to Delhi and four flights from Delhi to these locations," the official said.

The airport also posted on X, advising passengers to check flight schedules. "Flight operations may be impacted due to a hailstorm near Delhi airport, which could result in delays or short-term disruptions," it said.

The Capital's maximum stood at 33.6°C on Tuesday, six degrees above normal. It was 32.4°C on Monday, when Delhi saw rain and gusty winds. The IMD has forecast a gradual rise in temperatures from Thursday, with the mercury likely to hover between 35-37°C and possibly touch 40°C by Sunday.

IMD data showed 4.6mm of rainfall was recorded at Safdarjung till 8.30am, with 'trace' rainfall recorded in the next nine hours. Palam logged 'trace' rainfall till 8.30am, and then 9.8mm till 5.30pm. Najafgarh logged 0.5mm till 8.30am, with 6.5mm recorded in the next nine hours.

An IMD weather scientist said a maximum wind speed of 39 km/hour was recorded in Pitampura. "Winds touched around 30-40 km/hour on Tuesday, as compared to Monday when speeds touched up to 70 km/hour," the scientist said.

The minimum stood at 19.6°C, five degrees below normal. A gradual rise in night-time temperature is also likely, with it expected to touch 27°C by the weekend, the IMD added.

MILLENNIUM POST DELHI 6 MAY 2026

## IGI AIRPORT SEES 5 FLIGHT DIVERSIONS

**NEW DELHI:** Five flights were diverted at the Delhi airport on Tuesday evening due to inclement weather conditions, according to an official. Many parts of the national capital witnessed rain and thunderstorms. The official said five flights that were to land at the Delhi airport were diverted due to the bad weather conditions. The Indira Gandhi International Airport (IGIA) in the national capital is the country's largest airport and handles more than 1,300 flight movements daily.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE MORNING STANDARD DELHI 6 MAY 2026

# Relief to flyers as metro link between T1 & T3 to come up soon, says DMRC

EXPRESS NEWS SERVICE @ New Delhi

THE hassle of commuting by road between the domestic and international terminals of the Indira Gandhi International Airport may be eliminated in the future, as an underground Metro line linking them is in the pipeline. An airport source said a project is underway by the Delhi Metro Rail Corporation in connection with its Golden Line corridor, which will turn the airport into a seamless connectivity hub for flyers.

Sharing details, Anuj Dayal, Principal Executive Director, DMRC, told newspaper, "The Aerocity station of the Airport Express Line will be connected to the Terminal 1 station of the domestic airport via a 2.263-km-long underground stretch. This will be an extension of the Tughlakabad–Aerocity Golden Line corridor, which is currently under construction."

The foundation stone for the line was laid by Prime Minister Narendra Modi on March 8.

"The Metro link between Terminal 1 and Aerocity will allow passengers to take the Golden Line from T1 and get down at Aerocity to board the Airport Express Line to reach T3," Dayal said.



Once completed, the travel time between T1 and T3 is expected to be around six to seven minutes, the official said.

The construction of the stretch has not yet begun. "Preparatory pre-construction work, including tender documentation and design, is currently underway," Dayal said.

The airport source added, "Passengers arriving at T1 who need to catch a connecting domestic or international flight from T3 will be able to do so via the Metro. This will also benefit passengers travelling in the reverse direction."

## Power bank fire triggers IndiGo flight evacuation

HARPREET BAJWA @ Chandigarh

All passengers of an IndiGo flight were evacuated after a power bank reportedly caught fire on board shortly after landing at Shaheed Bhagat Singh International Airport in Chandigarh from Hyderabad.

The incident occurred on flight 6E 108 when the aircraft was stationary at the bay. Smoke spread inside the cabin after a power bank belonging to a passenger seated at 39C caught fire. The crew used fire extinguishers and carried out an emergency evacuation of around 198 passengers and six crew members. One woman injured during evacuation.

In a statement, IndiGo said all passengers were safely moved to the terminal. The DGCA has sought a report.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ASIAN AGE DELHI 6 MAY 2026

# Cabinet gives nod to ₹18,100-cr creditline for MSMEs, airlines

MADHUSUDAN SAHOO
NEW DELHI, MAY 5

Amid mounting economic pressures linked to the ongoing West Asia conflict, the Union Cabinet on Tuesday cleared a revamped Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS) with an outlay of ₹18,100 cr to facilitate additional credit flow of up to ₹2.55 lakh crore to stressed sectors without requiring fresh collateral.

Briefing the media, IT minister Ashwini Vaishnaw said sectors such as MSMEs and airlines have been affected by disruptions linked to West Asia crisis, including higher operational costs and supply chain uncertainties.

The Cabinet also approved two new semiconductor manufacturing projects under the India Semiconductor Mission, with an investment of over ₹3,936 cr to reduce dependence on imports.

The two projects are expected to generate employment for around 2,230 people. With these approvals, the number of projects under India Semiconductor Mission rises to 12, with cumulative proposed investments reaching approximately ₹1.64 lakh crore.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 6 MAY 2026

# इंडिगो विमान में पावर बैंक फटा आपात गेट से उतरने में 5 घायल

## चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुई घटना, विमान में 200 से ज्यादा थे यात्री

**चंडीगढ़।** हैदराबाद से चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर मंगलवार को पहुंचे इंडिगो के विमान 6ई108 में यात्री के बैग में रखे पावर बैंक में विस्फोट हो गया। हादसे में दो बच्चों समेत पांच यात्री घायल हो गए। विमान तब एयरपोर्ट पर खड़ा था।

विस्फोट के बाद विमान में धुआं भरने से अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों को आपात दरवाजे से सुरक्षित निकाला गया और इमरजेंसी स्लाइड्स से नीचे उतारा गया। हालांकि, नीचे गद्दा न होने से उतरने के दौरान पांच यात्री घायल हो गए। इसमें सीट संख्या 25-एफ पर बैठी महिला यात्री ऋचा को स्लाइड से गिरने के कारण कई फ्रैक्चर हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार हैदराबाद से आया विमान दोपहर


घायल यात्री

3:29 बजे सुरक्षित रनवे पर उतरा। उसमें 200 यात्री, दो बच्चे व चालक दल के छह सदस्य सवार थे। टैक्सी-वे पर पहुंचते समय सीट संख्या-39सी पर बैठे देवांश ने पावर बैंक में आग की सूचना दी। चालक दल ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। मगर, केबिन में धुआं फैल चुका था। ब्यूरो

BUSINESS LINE DELHI 6 MAY 2026

# AI trims international flights in May as rising ATF costs bite

**TURBULENCE.** Cuts N. America, Europe, S-E Asia services as OMCs raise fuel price by 5%

**Rohit Vaid**
New Delhi

The Tata Group-promoted Air India has reduced flight frequencies across several key international routes for May, with reductions of 5 per cent on some routes and up to 25 per cent on others, industry sources told *businessline*.

The move comes as oil marketing companies (OMCs) on May 1 decided to increase the price of jet fuel sold for international flights by 5 per cent, adding further cost pressure on airlines already grappling with elevated operational expenses.

Air India did not respond to queries from *businessline*.



**HEADWINDS.** The recalibration reflects ongoing network optimisation in response to demand moderation, rising fuel costs and evolving operational conditions across global markets

### CURTAILED OPS

North America operations for May have been curtailed by about 20 per cent, with about 40 out of 200 flights it had previously scheduled to operate throughout the month cancelled.

On European routes, the airline has reduced its weekly frequency on Paris, Copenhagen and Zurich routes, cancelling close to 20 flights through the month from over 450 flights it had planned to operate.

Australia, another key long-haul market for Air India, saw two out of seven weekly flights cancelled on both the Melbourne and Sydney routes.

South-East Asia frequencies have been reduced by 10 per cent for the month.

As per sources, the recalibration reflects ongoing network optimisation in response to demand moderation, rising fuel costs and evolving operational conditions across global markets.

### KEY FACTORS

Industry observers said the combination of higher international jet fuel prices, regulatory cost adjustments and geopolitical disruptions had intensified pressure on long-haul operations, prompting airlines to reassess capacity deployment across key international routes.

In a recent communication to employees, Air India CEO and Managing Director Campbell Wilson acknowledged the impact of the prevailing geopolitical situation, particularly the developments in West Asia, which have affected jet fuel prices, currency exchange rates and airspace availability.

Wilson said that many international flights had become unprofitable due to higher jet fuel costs and longer flying routes caused by airspace closures.

### DOMESTIC ROUTES

He said that while domestic operations had also been affected, the impact remains lower due to government intervention limiting domestic fuel price increases.

According to Wilson, the airline had already reduced select flights for April and May in response to cost escalation pressures, with further schedule adjustments possible for June and July amid continued challenges in the operating environment.

However, Air India has not yet curtailed operations for June and July.

### INDIGO'S STANCE

Industry sources pointed out that IndiGo is maintaining a wait-and-watch stance and has so far kept its international capacity intact in May compared to April levels.

Nonetheless, on a year-on-year basis, the airline has reduced operations by around 10 per cent, mostly to the Gulf region due to the ongoing conflict.

IndiGo, too, did not respond to questions in this regard.

Globally, foreign carriers have made similar capacity cuts. Lufthansa recently announced cancelling 20,000 flights between May and October. Qantas has reduced its flights to India at least until October.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 6 MAY 2026

# ₹2.55 lakh crore credit support plan for MSMEs, airlines gets Cabinet nod

**Our Bureau**
New Delhi


Union Minister Ashwini Vaishnaw briefing the media on the Cabinet decisions ANI

To mitigate the West Asia crisis, the Union Cabinet on Tuesday approved the 5th edition of the Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS) to support credit flow of ₹2.55 lakh crore with up to 100 per cent government guarantee for MSMEs, non-MSMEs and airlines. It will have ₹5,000 crore separately for airlines.

"It (ECLGS 5.0) reflects our commitment to supporting India's businesses, especially the MSME sector in these challenging global times. By enabling additional credit flow with strong guarantee coverage, this initiative will help a wide range of sectors. Our focus remains on empowering enterprises, sustaining growth momentum and safeguarding livelihoods," Prime Minister Narendra Modi said in a social media post.

According to a government statement, the scheme aims to provide credit guarantee coverage of 100 per cent for MSMEs and 90 per cent for non-MSMEs as well as the airlines sector.

An amount of ₹18,100 crore has been provided to meet the obligation on account of default. For MSMEs, support will be up to 20 per cent of peak working capital utilised during Q4 FY26 with a maximum of ₹100 crore.

For airlines, the support will be 100 per cent of peak working capital utilised with a cap of ₹1,500 crore. The tenor of such loan would be 5 years for MSMEs and non-MSMEs, and 7 years for airlines. Loans sanctioned till March 31, 2027, will be eligible for the scheme.

A senior government official said that the rate of interest on MSME and non-MSME loan is capped at 9 per cent for banks and 13 per cent for NBFCs.

For airlines, there will be no cap, he said, adding that Air India and IndiGo will be eligible for more than ₹1,000 crore.

Also read p3, p10

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 6 MAY 2026

## मंत्रिमंडल ने 18,100 करोड़ रुपये की आपातकालीन ऋण गारंटी योजना 5.0 को दी मंजूरी

# एमएसएमई, विमानन को राहत

**असित रंजन मिश्र और दीपक पटेल**
नई दिल्ली, 5 मई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के पांचवें संस्करण को आज मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), विमान कंपनियों और अन्य कंपनियों को पश्चिम एशिया संकट के कारण बढ़ती लागतों के बीच कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए 18,100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

कोविड महामारी के दौरान मई 2020 में पहली बार शुरू की गई इस योजना से विमानन क्षेत्र के लिए 5,000 करोड़ रुपये के विशेष आवंटन सहित 2.55 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त ऋण प्रवाह की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत ईसीएलजीएस 5.0 वैश्विक चुनौतियों के समय में भारत के व्यवसायों, विशेष कर एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मजबूत गारंटी कवरेज के साथ अतिरिक्त ऋण प्रवाह को संभव बनाकर यह पहल विभिन्न क्षेत्रों की मदद करेगी। हमारा ध्यान उद्यमों को सशक्त बनाने, वृद्धि की गति को बनाए रखने और आजीविका की सुरक्षा पर केंद्रित है।'

आधिकारिक बयान के अनुसार इस योजना से संबंधित कंपनियों को अपनी गतिविधियां जारी रखने, रोजगार सुरक्षित रखने और आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु बनाए रखने में मदद मिलेगी। सरकार ने कहा कि समय पर नकदी उपलब्ध कराकर यह योजना कारोबार को स्थिर रखने और रोजगार बनाए रखने में मदद करेगी। इससे देश के उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी।



### कैबिनेट के फैसले

- पश्चिम एशिया में संघर्ष से विमानन क्षेत्र और एमएसएमई पर पड़ा है प्रतिकूल असर
- इस योजना से संबंधित क्षेत्र की कंपनियों की कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मिलेगी मदद
- ज्यादातर कंपनियों को 5 साल के लिए और विमानन क्षेत्र को 7 साल के लिए मिलेगा इस तरह का कर्ज

यह योजना बैंकों को सरकार समर्थित गारंटी प्रदान करके पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित व्यवसायों को अधिक ऋण देने की अनुमति देती है। यदि उधारकर्ता भुगतान में चूक करते हैं तो नैशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी के माध्यम से सरकार एमएसएमई के लिए 100 फीसदी और बड़ी फर्मों व विमानन कंपनियों के मामले में 90 फीसदी नुकसान को कवर करेगी। इससे ऋणदाताओं का जोखिम कम होगा और व्यवसायों की नकदी प्रवाह की समस्या दूर होगी।

कंपनियां वित्त वर्ष 2026 की मार्च तिमाही में उपयोग की गई अपनी उच्चतम कार्यशील पूंजी का 20 फीसदी तक, 100 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा के साथ अतिरिक्त ऋण प्राप्त कर सकते हैं। विमानन कंपनियां आवश्यकता का 100 फीसदी तक, प्रति उधारकर्ता 1,500 करोड़ रुपये की सीमा के साथ अतिरिक्त कर्ज ले सकती हैं।

अधिकतर कंपनियों को इस तरह का कर्ज 5 साल के लिए मिलेगा जिसमें 1 साल मॉरेटोरियम है। विमान कंपनियों को 7 साल का समय मिलेगा, जिसमें 2 साल का मॉरेटोरियम होगा यानी इस दौरान कर्ज का भुगतान नहीं करना होगा। सरकारी गारंटी ऋण की पूरी अवधि के लिए मान्य रहेगी। यह योजना नैशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी द्वारा अधिसूचना की तारीख से 31 मार्च, 2027 तक स्वीकृत ऋणों पर लागू होती है।

सरकार का यह कदम फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) द्वारा नागर विमानन मंत्रालय को एक पत्र लिखने के लगभग एक सप्ताह बाद आया है, जिसमें गंभीर संकट की चेतावनी दी गई थी। एफआईए ने कहा, 'भारत में विमानन उद्योग अत्यधिक दबाव में है और बंद होने या अपने परिचालन को बंद करने की कगार पर है।' इसमें कहा गया था कि विमानन क्षेत्र की स्थिति पश्चिम एशिया युद्ध और एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में अत्यधिक वृद्धि से और खराब हो गई है।

एफआईए ने कहा कि अप्रैल 2026 में परिचालन पूरी तरह से अव्यवहार्य हो गया है और विमानन क्षेत्र के लिए काफी नुकसान हुआ है।

पिछले साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र भारतीय विमान कंपनियों के लिए बंद है वहीं पश्चिम एशिया संघर्ष ने प्रमुख मार्गों के बीच उनके अंतरराष्ट्रीय परिचालन को और भी संकुचित कर दिया है जिससे लंबे मार्ग और प्रति उड़ान ईंधन की खपत में काफी वृद्धि हुई है। (शेष पृष्ठ 4 पर)

■ कैबिनेट के अन्य फैसले: पृष्ठ 4

# एमएसएमई और विमानन को राहत

पृष्ठ 1 का शेष...

**विमानन** उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि सरकार के कदम से विमान कंपनियों की खराब वित्तीय स्थिति को कुछ राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस कदम से विशेष रूप से स्पाइसजेट जैसी वित्तीय रूप से कमजोर विमान कंपनियों को मदद मिलेगी।

उद्योग के एक कार्याधिकारी ने कहा, 'विमानन कंपनियों को बड़ी राहत तेल मार्केटिंग कंपनियों के बढ़ते क्रैक स्प्रेड मार्जिन को नियंत्रित करने से होगा, जो वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों से भी अधिक बढ़ गया है। क्रैक स्प्रेड वह मार्जिन है जो तेल कंपनियां कच्चे तेल को एटीएफ जैसे पेट्रोलियम उत्पादों में परिवर्तित करने के लिए वसूलती हैं।

इसके अलावा विमान कंपनियां अंतरराष्ट्रीय उड़ानें पर अधिक एटीएफ खर्च कर रही हैं। इसने भारतीय विमान कंपनियों पर दबाव बढ़ा दिया है क्योंकि सामान्य परिस्थितियों में एटीएफ आम तौर पर उनकी कुल परिचालन लागत का लगभग 40 फीसदी होता है जो अब लगभग 50 से 60 फीसदी हो गया है।

इन वजहों ने भारतीय विमान कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द करने पर मजबूर होना पड़ा। विमानन विश्लेषण फर्म सिरम द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पिछले साल मई में 959 साप्ताहिक उड़ानों का संचालन करती थी तो इस साल मई में घटकर 451 रह गई। एयर इंडिया ने अपनी साप्ताहिक उड़ानों में 288 की कटौती कर 881 उड़ान कर दी है।

स्पाइसजेट ने अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन में 60 फीसदी से अधिक की कटौती की है। कंपनी एक साल पहले हर सप्ताह 176 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करती थी जो अब घटकर 70 रह गई है। इंडिगो ने भी 150 उड़ानें घटकार 1,687 कर दी हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 6 MAY 2026

# MSMEs, airlines get ₹2.55 trillion credit lifeline amid West Asia crisis

## Cabinet approves ECLGS 5.0 with an outlay of ₹18,000 crore

ASIT RANJAN MISHRA & DEEPAK PATEL
New Delhi, 5 May

The Union Cabinet, chaired by Prime Minister Narendra Modi, on Tuesday approved the fifth edition of the Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS 5.0), with an outlay of ₹18,100 crore, to support micro, small and medium enterprises (MSMEs), airlines and other businesses in meeting working capital needs as costs rise amid the ongoing West Asia crisis.

First launched in May 2020 amid the Covid pandemic, the scheme's latest version is expected to unlock additional credit flow of ₹2.55 trillion, including a ₹5,000 crore carve-out for the aviation sector.

Modi said the approval to ECLGS 5.0 by the Cabinet underscored the government's intent to shield businesses, especially MSMEs, from global turbulence. "Our focus remains on empowering enterprises, sustaining growth momentum and safeguarding livelihoods," he said in a post on X.

The scheme is designed to help firms sustain operations, protect jobs and stabilise supply chains. "The proposed credit guarantee scheme is a major step to help businesses, particularly MSMEs and airline sector, to ensure their additional working capital needs, are catered by the banks & FIs (financial institutions)," the government said in a press statement.

Turn to Page 6 ▶

### What's in the scheme



ILLUSTRATION: BINAY SINHA

**Eligibility:**
- MSMEs, non-MSMEs, and scheduled passenger airlines with standard accounts and existing working capital (WC) as on March 31, 2026

**Guarantee cover:**
- 100% for MSMEs; 90% for non-MSMEs and airlines

**Support limit:**
- MSMEs/non-MSMEs: Up to 20% of peak WC (Q4FY26), max ₹100 cr
- Airlines: Up to 100%, maximum ₹1,500 cr

**Tenor:**
- Airlines: 7 years (2-year moratorium)
- Others: 5 years (1-year moratorium)

**Scheme validity:**
- From NCGTC notification date to March 31, 2027

PAGE 4

### Govt okays two semicon units worth ₹4,000 cr

The Union Cabinet on Tuesday approved two semiconductor projects worth nearly ₹4,000 crore under the first phase of the India Semiconductor Mission, Union Electronics and Information Technology Minister Ashwini Vaishnaw said.

### Proposal to increase SC judges to 38 gets approval

The Cabinet cleared a proposal to increase the strength of the Supreme Court from the present 34 judges to 38, including the Chief Justice. A Bill will be brought in the next Parliament session to raise this strength by four.

### ■ Cotton mission to double yields in 5 years cleared

### ■ Cabinet approves ₹1.5K cr ship repair facility in Gujarat

## MSMEs, airlines get ₹2.55 trillion credit lifeline amid West Asia crisis

"By providing timely liquidity, the scheme will sustain the businesses and prevent job losses. It will also promote uninterrupted domestic production and maintain the resilience of the ecosystem," the statement added.

Under the scheme, banks will be able to extend additional loans backed by a government guarantee, covering 100 per cent of losses for MSMEs and 90 per cent for larger firms and airlines via the National Credit Guarantee Trustee Company Limited (NCGTC). This is intended to lower lending risk while easing short-term liquidity constraints.

Eligible businesses can get additional loans of up to 20 per cent of their peak working capital utilisation in the March quarter of FY26, capped at ₹100 crore. Airlines, facing acute financial stress, are permitted to borrow up to 100 per cent of their requirement, subject to a ceiling of ₹1,500 crore per borrower and certain conditions.

Loan tenures vary, too: Five years for most sectors, including a one-year moratorium, and seven years for airlines, with a two-year moratorium. The government guarantee will remain valid throughout the loan duration. The scheme will apply to loans sanctioned from the date of NCGTC notification until March 31, 2027.

The latest scheme follows a warning from the Federation of Indian Airlines (FIA) to the civil aviation ministry last week, flagging an existential crisis in the sector. "The airline industry in India is under extreme stress and is on the verge of closing down or of stopping its operations," FIA stated. "The dire condition of the aviation sector has been exacerbated by the West Asia war and the exorbitant increase in the price of aviation turbine fuel (ATF)."

FIA also talked about the impact on airline viability, noting that operations have become "completely unviable and resulting in significant losses for the aviation sector in April 2026".

Industry pressures have intensified as Pakistan's airspace remains closed to Indian carriers following Operation Sindoor last May, while the West Asia conflict has forced longer flight paths on key international routes, sharply increasing fuel consumption. Aviation executives said the government's intervention would offer some respite, particularly to financially weaker carriers such as SpiceJet. However, they cautioned that structural issues persist. "A bigger relief to the airlines would be controlling the crack spread (margins) of oil marketing companies (OMCs), which has jumped higher than even the global crude oil prices themselves," an executive said.

Fuel costs have surged, with airlines burning more ATF per international flight even as prices rise. Typically accounting for around 40 per cent of operating costs, ATF now represents between 50 per cent and 60 per cent, according to industry estimates.

The squeeze has prompted carriers to scale back international operations. The Air India group has led the pullback: Air India Express reduced weekly international flights from 959 last May to 451 this year, a 53 per cent drop, while Air India cut 288 weekly departures to 881, according to aviation analytics firm Cirium. On a year-on-year basis, SpiceJet has cut over 60 per cent of its international operations, operating 70 weekly flights compared to 176 a year ago. Market leader IndiGo has also reduced its international frequency by 150 flights to 1,687 per week.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 6 MAY 2026

हादसा • धमाके के साथ विमान में धुआं भरा, 200 से अधिक लोग थे

# चंडीगढ़ः इंडिगो के विमान में पावर बैंक फटा, इमरजेंसी निकासी में 5 यात्री घायल

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़/नई दिल्ली

चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर मंगलवार को हैदराबाद से पहुंची इंडिगो की फ्लाइट 6ई 108 में एक यात्री का पावर बैंक फट गया। ये सीट नंबर 39सी पर बैठे यात्री के सीट पॅकिट में रखा था। पावर बैंक में धमाके के साथ आग लगी और केबिन में धुआं भर गया। अफरा-तफरी के बीच विमान की सभी छह स्लाइड्स तैनात कर यात्रियों को निकाला गया। सूत्रों के अनुसार, विमान में 6 क्रू मेंबर्स सहित 200 से अधिक लोग थे। इनमें बच्चे और बुजुर्ग भी थे।

स्लाइड से उतरने के दौरान 5 यात्री घायल हो गए। एक यात्री ने कहा कि उनकी पत्नी जीरकपुर के अस्पताल में हैं। डॉक्टरों के अनुसार उन्हें कई फ्रैक्चर हुए हैं। सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। एक अन्य यात्री ने पत्नी के टखने में मोच की बात कही। हालांकि, विमानन नियामक डीजीसीए ने किसी यात्री के घायल होने की सूचना से इनकार किया है। डीजीसीए के अनुसार, 'विमान की लैंडिंग के बाद बे की ओर टैक्सी करते समय पावर बैंक में आग लगी। विमान को बे में रोक दिया गया। केबिन क्रू ने अग्निशामक यंत्र की दो बोतलें इस्तेमाल कर आग बुझाई।' वहीं, इंडिगो प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों को तुरंत विमान से निकाला और सभी संबंधित अधिकारियों को सूचना दी। यात्री सुरक्षित रूप से टर्मिनल ले जाए गए। विमान को दोबारा संचालन में लाने से पहले सभी जरूरी जांच की जाएंगी। इंडिगो में यात्रियों और क्रू की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है।



इमरजेंसी गेट खोलकर यात्रियों को स्लाइडर से उतारा गया।

## भास्कर नॉलेज... फ्लाइट में पावर बैंक कितना खतरनाक?

लिथियम-आयन बैटरी वाले पावर बैंक फ्लाइट में सबसे संवेदनशील माने जाते हैं। ज्यादा गर्म होने, शॉर्ट सर्किट या डैमेज होने पर इनमें ब्लास्ट या आग लगने का खतरा रहता है। यही वजह है कि इन्हें हमेशा हैंड बैगेज में रखने की अनुमति होती है, चेक-इन बैग में नहीं। उड़ान के दौरान पावर बैंक से चार्जिंग की इजाजत भी नहीं है। पावर बैंक की कैपेसिटी सामान्यतः 100 वाट प्रतिघंटा होनी चाहिए। विमान में ले जाने से पहले सुनिश्चित कर लें कि ये क्षतिग्रस्त न हों और फूले हुए न हों।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 6 MAY 2026

# खराब सीट दी: एयरलाइंस पर 2.90 लाख का जुर्माना

**नूंह** | उपभोक्ता अदालत ने विस्तारा एयरलाइंस (अब एयर इंडिया) की सेवा में कोताही बरतने पर 2 लाख 90 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह फैसला गांव खेड़ला निवासी वरिष्ठ वकील नूरुद्दीन नूर की याचिका पर सुनाया गया है।

31 जनवरी 2024 को लंदन से दिल्ली की 9 घंटे की उड़ान के दौरान नूरुद्दीन को ऐसी सीट दी गई जो न तो रिक्लाइनर थी और न ही एक्सपेंडेबल। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद क्रू मेंबर्स ने उनकी मदद नहीं की। इस असुविधा के कारण उनकी आंख में समस्या आ गई और उन्हें भारी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेलना पड़ा। बलजीत सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने एयरलाइंस को डेढ़ लाख रुपए मानसिक व शारीरिक परेशानी, 1 लाख 25 हजार रुपये इलाज खर्च तथा 15 हजार रुपये कानूनी प्रक्रिया खर्च के रूप में देने का आदेश दिया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 6 MAY 2026

## हवाई सफर होगा महंगा व मुश्किल



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और हवाई सेवाओं पर लगी पाबंदियों का असर अब एविएशन सेक्टर पर साफ दिखने लगा है। इसी के चलते भारतीय एयरलाइंस ने मई माह में अपनी साप्ताहिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में करीब 25 फीसदी तक की कटौती की है। युद्ध की स्थिति, हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध और पाकिस्तान के एयरस्पेस में रोक के कारण उन्हें यह फैसला लिया गया है। कंपनियों का तर्क है कि इन हालात में उड़ानों की लागत बढ़ गई है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

DAINIK JAGRAN DELHI 6 MAY 2026

# डीजीसीए भ्रष्टाचार केस में निजी कंपनी के अधिकारी को जमानत

